Sixteenth Loksabha

pan>

Title: Need to ensure setting up of assistance cell and office by Insurance companies under Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana in every Tehsil headquarters in the country.

श्री रामदास सी. तडस (वर्धा): मैं माननीय कृषि मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर बीमा कंपनी को सहायता कक्ष एवं कार्यालय स्थापना करना अनिवार्य है । किसानों का हित ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया गया है किन्तु इस निर्णय का अनुपालन अनेक स्थानों पर नहीं हो रहा है ।

मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि किसानों की बेहतर सुविधा के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर बीमा कंपनी द्वारा सहायता कक्ष एवं कार्यालय स्थापित किये जाने हेतु देश के सभी डिस्ट्रिक्ट कलेक्टरों को तत्काल रुप से दिशा-निर्देश देने की कृपा करें ।